# 41 इकतालीसवाँ अध्याय

## 41.1 Der Agens in infiniten Nebensätzen

**(a) Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

आप किसके साथ सफ़र पर जाना पसंद करते हैं ?

**(b) *Im Urlaub* – Bringen Sie die Sätze in die richtige Reihenfolge.**

| | |
|---|---|
| | जब तक टैक्सी आएगी, तब तक हमारा नाश्ता हो चुका होगा। |
| 1 | जब अलार्म बजेगा, तो मैं पहले उठ जाऊँगा ! |
| | जब तक तुम तैयार हो रही होगी, तब तक मैं सामान पैक कर दूँगा। |
| | जब तक तुम नहाओगी, तब तक मैं तैयार हो जाऊँगा। |
| | मैं नहाऊँगा, उसके बाद तुम नहाने जाओ ! |

**(c) Welche Konjunktionen entsprechen welchen Postpositionen?**

| | |
|---|---|
| ..., उसके बाद | -ने तक |
| जब, तो | -ने पर |
| जब तक, तब तक | -ने के बाद |

**(d) *Frau Vermas Tagebuch.* – Formulieren Sie die Sätze wie im Beispiel um.**

*अलार्म बजने पर मेरे पति पहले उठ गए।*

...

**(e) Wie wird der Agens in nebensatzwertigen Konstruktionen markiert?**

**(f) Aufgaben**

- मान लीजिए आप अपने सहपाठी के साथ कहीं घूमने गए हैं। साथ में दिन में आप क्या-क्या करेंगे, इस पर चर्चा कीजिए।
- इस चर्चा के आधार पर एक वार्तालाप और एक पोस्टकार्ड लिखिए।

**41.2 Bilden Sie Sätze. In welchen Kontexten könnten Sie diese verwenden?**

**(a)** ***Die Nachtfahrt***

| | |
|---|---|
| अंधेरा, होना – हम, घर से निकलना | बस, लगना – हम, बस में बैठ जाना |
| बस, चलना – नींद, हमें आ जाना | सूरज, निकलना– हम, कुछ तस्वीरें खींचना |
| मंज़िल, आना – हम, बस से उतरना | होटल, खुलना – हम, नाश्ता करना |

1. जब, तो *जब अंधेरा हो गया, तो हम घर से निकले।*
2. करने पर *अंधेरा होने पर हम घर से निकले।*

3. उसके बाद *अंधेरा हुआ। उसके बाद हम घर से निकले।*
4. करने के बाद *अंधेरा होने के बाद हम घर से निकले।*

**(b)** ***Auf Reisen***

फ़ोन पर बात करना – रास्ते का पता लगाना
टिकट खरीदना – प्लैटफ़ॉर्म का पता करना
सामान लेकर ट्रेन में बैठना – जल्दी पानी की बोतल ले आना
घूमकर आना – सामान का ध्यान रखना

1. तब तक *तुम फ़ोन पर बात करो! तब तक मैं रास्ते का पता लगा आती हूँ।*
2. करने तक *उसके फ़ोन पर बात करने तक उसकी सहेली रास्ते का पता लगा आई।*

3. साथ साथ *वह ... बात कर रही थी। साथ साथ उसकी सहेली ... लगा रही थी।*
4. करने के ... *उसके ... बात करने के साथ साथ उसकी सहेली ... लगा रही थी।*

**(c)** ***Europareise***

ऑफ़िस में बहुत काम, होना – मैं, छुट्टियाँ ले पाना
सब कुछ, महँगा होना – मेरा काम, चल जाना
घूमने के लिए सिर्फ़ दस दिन का समय, होना – मैं, बहुत कुछ देख पाना

1. भले ही, फिर भी *ऑफ़िस में भले ही बहुत काम था। फिर भी मैं छुट्टियाँ ले पाई।*
2. हालाँकि, फिर भी *हालाँकि ऑफ़िस में बहुत काम था। फिर भी मैं छुट्टियाँ ले पाई।*
3. करने के बावजूद *ऑफ़िस में बहुत काम होने के बावजूद मैं छुट्टियाँ ले पाई।*

**(d)** ***Obwohl es wirklich schwierig war, habe ich es geschafft!***

समय, कम होना – काम, हो जाना
काम, बहुत मुश्किल होना – मैं, समय पर सब कर पाना
मेरा साथी, बीच में काम छोड़ना – मैं, काम पूरा करना
सभी, मेरी राह में बाधा डालते रहना – मेरा काम, आखिर बन जाना

| | | |
|---|---|---|
| 1. | हालाँकि, फिर भी | *हालाँकि समय कम था, फिर भी काम हो गया ।* |
| 2. | करने के बावजूद | *समय कम होने के बावजूद काम हो गया ।* |
| 3. | इसलिए | *समय कम था, इसलिए काम नहीं हुआ ।* |
| 4. | करने की वजह से | *समय कम होने की वजह से काम नहीं हुआ ।* |

**41.3** ***Ein Ausflug nach Nainital***

**(a)** **Lesen Sie die Frage und sprechen Sie miteinander.**

क्या आप कभी अपने सहपाठियों के साथ या किसी ग्रुप में कहीं घूमने गए ?

**(b)** **Was sehen Sie auf diesen Bildern?**



**(c) Was bedeuten diese Ausdrücke? Bescheiben Sie die Bilder.**

| |
|---|
| बस में जाना फ़ोटो खिंचवाना फ़ोटो खींचना मस्ती करना<br>बर्फ़ में खेलना बर्फ़ के गोले बनाना कश्ती में बैठना झील का चक्कर लगाना |

*इन तस्वीरों में क्या हो रहा है ?*

*एक लड़की ...*

*कुछ लोग ...*

*कोई ...*

*...*

**(d) Lesen Sie den Text.**

कॉलेज ट्रिप

पिछली फ़रवरी में कॉलेज की तरफ़ से हमारा नैनीताल जाने का एक ट्रिप बना। हमारी क्लास से दस लोग गए थे। शुक्रवार की रात को सब कॉलेज में मिले, जहाँ से हमारी बस चली। सफ़र रात भर का था।

सुबह नींद खुलने पर हम उत्तराखंड पहुँच चुके थे। सबसे पहले हलद्वानी में रुककर हमने नाश्ता किया। नाश्ता करने के बाद हम आगे चले।

जैसे ही हम नैनीताल पहुँचे, वैसे ही बर्फ़ पड़ने लगी और हममें से कुछ ऐसे भी थे, जिन्होंने बर्फ़ कभी देखी ही नहीं थी। बर्फ़ देखकर सभी इतने खुश हुए, कि सब बाहर बर्फ़ में आ गए। कोई किसी के ऊपर बर्फ़ के गोले बनाकर फेंक रहा था, कोई फ़ोटो ले रहा था। हवा में ठंडक होने की वजह से बहुत अच्छा लग रहा था।

उसके बाद हम नैनी झील गए, जहाँ हमने किश्ती पर बैठकर झील का चक्कर लगाया। जगह बहुत सुंदर थी। फिर खाना खाने के बाद हमने एक पुराना मंदिर भी देखा। देर शाम को हमारी वापस दिल्ली जाने के लिए बस थी।

**(e)** **Antworten Sie auf diese Fragen.**

1. कॉलेज का ट्रिप कहाँ का था ?
2. क्लास में से कितने लोग गए ?
3. सुबह बस कहाँ रुकी ?
4. उन लोगों ने नैनीताल में क्या-क्या किया ?
5. आखिर में उन्होंने क्या देखा ?
6. क्या वे रात को नैनीताल में ही रुके ?

**(f)** **Stellen Sie selbst Fragen zum Text. Fassen Sie den Text dann in eigenen Worten zusammen.**

**(g)** **Bestimmen Sie alle infiniten Nebensätze und erklären Sie ihre Verwendung.**

**(h)** **Übersetzen Sie den Text.**

### 41.4 *Ein Tag in Ahmdabad*

**(a)** **Lesen Sie die Frage und unterhalten Sie sich.**

क्या आपने कभी रात को सफ़र किया ?

**(b)** ***Gandhi Ashram* – Bringen Sie die Sätze in die richtige Reihenfolge.**

| | |
|---|---|
| | वहाँ घूमने के दौरान हमने गाँधी आश्रम देखा। |
| | वहाँ पर काफ़ी हरियाली होने की वजह से हवा में ठंडक थी। |
| 1 | हम घूमने के लिए अहमदाबाद गए। |
| | महात्मा गाँधी के वहाँ रहने की वजह से वह मशहूर है। |

**(c)** **Was bedeuten diese Konjunktionen**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ताकि | इस दौरान | क्योंकि | इसलिए |

**(d)** **Formulieren Sie die Sätze in (b) nach dem Beispiel um.**

*1. हम अहमदाबाद गए, ताकि हम घूम सकें।*

**(e) Bestimmen und übersetzen Sie diese Nebenverbalkonstruktionen.**

| | | | |
|---|---|---|---|
| देखना | देखने में | होने की वजह से (2x) | होने के बावजूद |
| आने से पहले | जाने का कारण | घूमने के लिए | घूमने के बाद |
| रहने की वजह से | करने के बाद | पहुँचने पर | |

**(f) Ergänzen Sie die richtigen Nebenverbalkonstruktionen.**

1. पिछले हफ़्ते मैं अपने दोस्त के साथ __________ अहमदाबाद गया।
2. हमारा वहाँ __________ था, साबरमती आश्रम __________ ।
3. महात्मा गाँधी के वहाँ __________ वह मशहूर है।
4. हम पुणे से रात को चले और धूप __________ अहमदाबाद पहुँच गए।
5. ढाबे पर नाश्ता __________ हम ऑटो से साबरमती आश्रम गए।
6. दिन में गर्मी __________ हमें आश्रम __________ गर्मी नहीं लग रही थी,
7. क्योंकि बगल में नदी और बहुत-सारे पेड़ __________ हवा में ठंडक थी।
8. एक आश्रम __________ यह जगह __________ बहुत सरल लग रही थी।
9. शाम को शहर __________ हमने रात को पुणे के लिए वापसी की बस ली।

**(g) Antworten Sie auf diese Fragen.**

1. जो लोग घूमने के लिए अहमदाबाद गए, वे कहाँ के रहनेवाले हैं ?
2. वे लोग अहमदाबाद कैसे गए ?
3. वे वहाँ क्यों गए ?
4. उन्होंने नाश्ता कहाँ किया ?
5. उनको आश्रम कैसा लगा ?
6. क्या वह रात को अहमदाबाद ही रुके ?

**(h) Stellen Sie selbst Fragen zum Text. Fassen Sie den Text dann in eigenen Worten zusammen.**

**(i) Bestimmen Sie alle infiniten Nebensätze.**

**(j) Übersetzen Sie den Text.**